खाटू में मिलेगा मेरा सांवरियां

जय श्री श्याम भाई जी...
अरे,फागण मेला आ गया...
खाटू में निशान नही चढ़ाना क्या?

क्या सोच रहा तू अकेले में
इस बार के फागण मेले में
हाथों में अपने निशान थाम ले
हाथों में अपने निशान थाम,चल श्याम-धनि का नाम ले,
जयकार लगा,निशान उठा...खाटू में मिलेगा मेरा सांवरियां

हारे का सहारा है
बाबा श्याम हमारा है
जिसने इसे पुकारा है
ये देता हरदम साथ
तू भी माथा टेक जरा
चल के खाटू देख जरा
श्याम कुण्ड में डुबकी लगा
तेरी बन जाये बिगड़ी बात
शीश का दानी खाटूवाला
भगतों का ये है रखवाला
श्याम है मेरा रंग-रंगीला
बाबा है दिलवाला
अबकी बार तू मन में ठान ले
अबकी बार तू मन में ठान..चल श्याम-धनि का नाम ले,
जयकार लगा,निशान उठा...खाटू में मिलेगा मेरा सांवरियां

लाखो-लाखो देता है
कभी न कुछ ये लेता है
बाबा मेरा ऐसा है
कहते है लखदातार
देवों में ये देव बड़ा
सेठों का ये सेठ मेरा
जिस पे मेहरबान हुआ
भर देता है भण्डार
मोरछड़ी इसकी लहराए
पल भर में झोली भर जाए
खाली न लौटा है
जो भी दर पे इसके आये
बाबा की महिमा तू जान ले,
बाबा की महिमा तू जान,चल श्याम-धनि का नाम ले,
जयकार लगा,निशान उठा...खाटू में मिलेगा मेरा सांवरियां

सौरभ-मधुकर सोचे क्या
चूरमे का थाल सजा
चल के खाटू धोक लगा
सारा संकट कट जायेगा
मौका फिर से आया है
श्याम धनि ने बुलाया है
तू समझ ना पाया है
तो बाद में पछतायेगा
कर ले खाटू की तैयारी
छोड़ के सारी दुनियादारी
बाबा के फागण मेले की चर्चा है भाई भारी
समझाऊं मेरी बात मान ले
समझाऊं मेरी बात मान,चल श्याम-धनि का नाम ले,
जयकार लगा,निशान उठा...खाटू में मिलेगा मेरा सांवरियां

गीतकार एवं स्वर - सौरभ मधुकर
संपर्क - 09830608619

स्वर : सौरभ मधुकर

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/1070/title/khatu-me-milega-mera-saanwariya-with-hindi-lyrics-by-saurabh-madhukar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |